(3) 250 mg (4) Zero mg





**77** Which reaction is **NOT** a redox reaction?

(1) $BaCl_2 + Na_2SO_4 \rightarrow BaSO_4 + 2\ NaCl$
(2) $Zn + CuSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Cu$
(3) $2\ KClO_3 + I_2 \rightarrow 2\ KIO_3 + Cl_2$
(4) $H_2 + Cl_2 \rightarrow 2\ HCl$

**72** तीन गैसों (A, B, C) के लिए हेनरी नियम स्थिरांक ($K_H$) मान क्रमशः 145, $2\times10^{-5}$ और 35 kbar है। इन गैसों का जल में विलेयताएँ निम्नलिखित क्रम का पालन करती है:

(1) A > B > C (2) B > A > C
(3) B > C > A (4) A > C > B




**73** निम्नलिखित में से कौन सा ln k और $\frac{1}{T}$ के बीच आरेख आरेनियस समीकरण के अनुसार है ?

(1) 
(2) 
(3) 
(4) 

**74** गर्म करने पर, कुछ ठोस पदार्थ से बिना द्रव अवस्था से गुज़रते हुए वाष्प अवस्था में परिवर्तित हो जाते हैं। ऊपर दिए सिद्धांत के आधार पर ऐसे ठोस पदार्थों के शोधन के लिए प्रयुक्त तकनीक कहलाती है:

(1) वर्णलेखिकी (2) क्रिस्टलन
(3) ऊर्ध्वपातन (4) आसवन

**75** अंतः अणुक हाइड्रोजन आबंध किस में उपस्थित होता है ?

(1) HF
(2) 
(3) 
(4) 

**76** सोडियम हाइड्रॉक्साइड के 1g को 0.75 M HCl विलयन के 25 mL के साथ उपचारित किया गया, शेष अनअभिक्रियित सोडियम हाइड्रॉक्साइड का द्रव्यमान बराबर होगा:

(1) 200 mg (2) 750 mg
(3) 250 mg (4) Zero mg

**77** निम्नलिखित में से कौन–सी अभिक्रिया रेडॉक्स अभिक्रिया नहीं है ?

(1) $BaCl_2 + Na_2SO_4 \rightarrow BaSO_4 + 2\ NaCl$
(2) $Zn + CuSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Cu$
(3) $2\ KClO_3 + I_2 \rightarrow 2\ KIO_3 + Cl_2$
(4) $H_2 + Cl_2 \rightarrow 2\ HCl$

**78** 'Spin only' magnetic moment is same for which of the following ions?

A. $Ti^{3+}$ B. $Cr^{2+}$
C. $Mn^{2+}$ D. $Fe^{2+}$
E. $Sc^{3+}$

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(1) A and D only (2) B and D only
(3) A and E only (4) B and C only

**79** The highest number of helium atoms is in

(1) 2.271098 L of helium at STP
(2) 4 mol of helium
(3) 4 u of helium
(4) 4 g of helium

**80** Match List I with List II.

| List I (Complex) | List II (Type of isomerism) |
|---|---|
| A. $[Co(NH_3)_5(NO_2)]Cl_2$ | I. Solvate isomerism |
| B. $[Co(NH_3)_5(SO_4)]Br$ | II. Linkage isomerism |
| C. $[Co(NH_3)_6][Cr(CN)_6]$ | III. Ionization isomerism |
| D. $[Co(H_2O)_6]Cl_3$ | IV. Coordination isomerism |

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A-II, B-IV, C-III, D-I
(2) A-II, B-III, C-IV, D-I
(3) A-I, B-III, C-IV, D-II
(4) A-I, B-IV, C-III, D-II

**81** Given below are two statements:

**Statement I :** The boiling point of hydrides of Group 16 elements follow the order
$H_2O > H_2Te > H_2Se > H_2S$.

**Statement II :** On the basis of molecular mass, $H_2O$ is expected to have lower boiling point than the other members of the group but due to the presence of extensive H-bonding in $H_2O$, it has higher boiling point.

In the light of the above statements, choose the *correct* answer from the options given below:

(1) Statement I is false but Statement II is true.
(2) Both Statement I and Statement II are true.
(3) Both Statement I and Statement II are false.
(4) Statement I is true but Statement II is false.

**78** निम्नलिखित में से किन आयनों के लिए 'प्रचक्रण मात्र' चुंबकीय आघूर्ण समान होता है ?

A. $Ti^{3+}$ B. $Cr^{2+}$
C. $Mn^{2+}$ D. $Fe^{2+}$
E. $Sc^{3+}$

नीचे दिए गए विकल्पों से सबसे सही उत्तर चुनिए:

(1) केवल A और D (2) केवल B और D
(3) केवल A और E (4) केवल B और C

**79** हीलियम परमाणुओं की अधिकतम संख्या है:

(1) एस.टी.पी. पर हीलियम के 2.271098 L में
(2) हीलियम के 4 मोलों में
(3) हीलियम के 4 u में
(4) हीलियम के 4 g में

**80** सूची I का सूची II के साथ मिलान कीजिए:

| सूची I (संकुल) | सूची II (समावयवता का प्रकार) |
|---|---|
| A. $[Co(NH_3)_5(NO_2)]Cl_2$ | I. विलायकयोजन समावयवता |
| B. $[Co(NH_3)_5(SO_4)]Br$ | II. बंधनी समावयवता |
| C. $[Co(NH_3)_6][Cr(CN)_6]$ | III. आयनन समावयवता |
| D. $[Co(H_2O)_6]Cl_3$ | IV. उपसहसंयोजन समावयवता |

नीचे दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनिए:

(1) A-II, B-IV, C-III, D-I
(2) A-II, B-III, C-IV, D-I
(3) A-I, B-III, C-IV, D-II
(4) A-I, B-IV, C-III, D-II

**81** नीचे दो कथन दिए गए है:

**कथन I :** समूह 16 तत्वों के हाइड्राइडों के क्वथनांक निम्नलिखित क्रम का पालन करते हैं:
$H_2O > H_2Te > H_2Se > H_2S$.

**कथन II :** आण्विक द्रव्यमान के आधार पर $H_2O$ का अनुमानित क्वथनांक समूह के अन्य सदस्यों से कम होता है परंतु $H_2O$ में विस्तृत H-आबंधन की उपस्थिति के कारण, इसका उच्चतर क्वथनांक होता है।

उपर दिए गए कथनों के आधार पर, नीचे दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनिए:

(1) कथन I गलत है परंतु कथन II सत्य है।
(2) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।
(3) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।
(4) कथन I सही है परंतु कथन II गलत है।

**82** A compound with a molecular formula of $C_6H_{14}$ has two tertiary carbons. Its IUPAC name is:

(1) 2,2-dimethylbutane
(2) n-hexane
(3) 2-methylpentane
(4) 2,3-dimethylbutane


**83** Match List I with List II.


| **List I (Conversion)** | **List II (Number of Faraday required)** |
|---|---|
| A. 1 mol of $H_2O$ to $O_2$ | I. 3F |
| B. 1 mol of $MnO_4^-$ to $Mn^{2+}$ | II. 2F |
| C. 1.5 mol of Ca from molten $CaCl_2$ | III. 1F |
| D. 1 mol of FeO to $Fe_2O_3$ | IV. 5F |


Choose the correct answer from the options given below:


(1) A-III, B-IV, C-II, D-I
(2) A-II, B-IV, C-I, D-III
(3) A-III, B-IV, C-I, D-II
(4) A-II, B-III, C-I, D-IV

**84** The compound that will undergo $S_N1$ reaction with the fastest rate is

(1) 

(2) 


(3) 

(4) 


**85** Arrange the following elements in increasing order of electronegativity:

N, O, F, C, Si

Choose the correct answer from the options given below:

(1) F < O < N < C < Si
(2) Si < C < N < O < F
(3) Si < C < O < N < F
(4) O < F < N < C < Si

**82** अणु सूत्र $C_6H_{14}$ वाले एक यौगिक में दो तृतीयक कार्बन उपस्थित हैं। इसका आई.यू.पी.ए.सी. नाम है:

(1) 2,2-डाइमेथिलब्यूटेन
(2) n-हैक्सेन
(3) 2-मेथिलपेन्टेन
(4) 2,3-डाइमेथिलब्यूटेन


**83** सूची I का सूची II के साथ मिलान कीजिए:


| **सूची I (रूपांतरण)** | **सूची II (आवश्यक फैराडे की संख्या)** |
|---|---|
| A. $H_2O$ के 1 मोल के $O_2$ में | I. 3F |
| B. $MnO_4^-$ के 1 मोल के $Mn^{2+}$ में | II. 2F |
| C. गलित $CaCl_2$ से Ca के 1.5 मोल | III. 1F |
| D. 1 मोल FeO से $Fe_2O_3$ में | IV. 5F |


नीचे दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनिए:


(1) A-III, B-IV, C-II, D-I
(2) A-II, B-IV, C-I, D-III
(3) A-III, B-IV, C-I, D-II
(4) A-II, B-III, C-I, D-IV

**84** वह यौगिक जो सबसे तीव्र वेग से $S_N1$ अभिक्रिया करेगा, है:

(1) 

(2) 


(3) 

(4) 


**85** निम्नलिखित तत्वों को विद्युत ऋणात्मकता के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए:


N, O, F, C, Si



नीचे दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनिए:



(1) F < O < N < C < Si
(2) Si < C < N < O < F
(3) Si < C < O < N < F
(4) O < F < N < C < Si



## Chemistry : Section-B (Q. No. 86 to 100)



**86** Major products A and B formed in the following reaction sequence, are



(1) A =  ; B = 

(2) A =  ; B = 

(3) A =  ; B = 

(4) A =  ; B = 

**87** Identify the **correct** answer.

(1) Three canonical forms can be drawn for $CO_3^{2}$ ion.

(2) Three resonance structures can be drawn for ozone.

(3) $BF_3$ has non-zero dipole moment.

(4) Dipole moment of $NF_3$ is greater than that of $NH_3$.

**88** The work done during reversible isothermal expansion of one mole of hydrogen gas at 25°C from pressure of 20 atmosphere to 10 atmosphere is:

(Given $R = 2.0 \text{ cal } K^{-1} \text{ mol}^{-1}$)

(1) 100 calories

(2) 0 calorie

(3) – 413.14 calories

(4) 413.14 calories

**89** Consider the following reaction in a sealed vessel at equilibrium with concentrations of $N_2 = 3.0 \times 10^{-3}$ M, $O_2 = 4.2 \times 10^{-3}$ M and $NO = 2.8 \times 10^{-3}$ M.


$$2NO_{(g)} \rightleftharpoons N_{2(g)} + O_{2(g)}$$



If 0.1 mol $L^{-1}$ of $NO_{(g)}$ is taken in a closed vessel, what will be degree of dissociation $(\alpha)$ of $NO_{(g)}$ at equilibrium?



(1) 0.717 (2) 0.00889



(3) 0.0889 (4) 0.8889



**86** निम्नलिखित अभिक्रिया क्रम में बने मुख्य उत्पाद, A और B हैं:



(1) A =  ; B = 

(2) A =  ; B = 

(3) A =  ; B = 

(4) A =  ; B = 

**87** सही उत्तर चुनिए:

(1) $CO_3^{2}$ आयन के लिए तीन विहित रूप आरेखित किए जा सकते हैं।

(2) ओज़ोन के लिए तीन अनुनाद संरचनाएँ आरेखित की जा सकती हैं।

(3) $BF_3$ का शून्येतर द्वि–ध्रुव आघूर्ण होता है।

(4) $NF_3$ का द्वि–ध्रुव आघूर्ण $NH_3$ के द्वि–ध्रुव आघूर्ण से अधिक होता है।

**88** 25°C पर एक मोल हाइड्रोजन गैस के 20 ऐटमॉस्फियर दाब से 10 ऐटमॉस्फियर दाब तक उत्क्रमणीय समतापीय प्रसरण के दौरान किया गया कार्य है:

(दिया गया है: $R = 2.0 \text{ cal } K^{-1} \text{ mol}^{-1}$)

(1) 100 calories

(2) 0 calorie

(3) – 413.14 calories

(4) 413.14 calories

**89** $N_2 = 3.0 \times 10^{-3}$ M, $O_2 = 4.2 \times 10^{-3}$ M और $NO = 2.8 \times 10^{-3}$ M सांद्रताओं के साथ किसी सीलबंद पात्र में निम्नलिखित साम्य पर विचार कीजिए:


$$2NO_{(g)} \rightleftharpoons N_{2(g)} + O_{2(g)}$$

यदि $NO_{(g)}$ के 0.1 mol $L^{-1}$ को सीलबंद पात्र में लिया जाए, तो वियोजन मात्रा $(\alpha)$ क्या होगी ?


(1) 0.717 (2) 0.00889


(3) 0.0889 (4) 0.8889


90 For the given reaction:





'P' is

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

91 The pair of lanthanoid ions which are diamagnetic is

(1) $Pm^{3+}$ and $Sm^{3+}$ (2) $Ce^{4+}$ and $Yb^{2+}$
(3) $Ce^{3+}$ and $Eu^{2+}$ (4) $Gd^{3+}$ and $Eu^{3+}$

92 The products A and B obtained in the following reactions, respectively, are

$3ROH + PCl_3 \rightarrow 3RCl + A$
$ROH + PCl_5 \rightarrow RCl + HCl + B$

(1) $H_3PO_3$ and $POCl_3$
(2) $POCl_3$ and $H_3PO_3$
(3) $POCl_3$ and $H_3PO_4$
(4) $H_3PO_4$ and $POCl_3$

93 Given below are certain cations. Using inorganic qualitative analysis, arrange them in increasing group number from 0 to VI.

A. $Al^{3+}$ B. $Cu^{2+}$
C. $Ba^{2+}$ D. $Co^{2+}$
E. $Mg^{2+}$

Choose the correct answer from the options given below:

(1) E, A, B, C, D (2) B, A, D, C, E
(3) B, C, A, D, E (4) E, C, D, B, A

94 Given below are two statements :


**Statement I :** $\left[Co(NH_3)_6\right]^{3+}$ is a homoleptic complex whereas $\left[Co(NH_3)_4Cl_2\right]^{+}$ is a heteroleptic complex.

**Statement II :** Complex $\left[Co(NH_3)_6\right]^{3+}$ has only one kind of ligands but $\left[Co(NH_3)_4Cl_2\right]^{+}$ has more than one kind of ligands.


In the light of the above statements, choose the *correct* answer from the options given below:


(1) Statement I is false but Statement II is true.
(2) Both Statement I and Statement II are true.
(3) Both Statement I and Statement II are false.
(4) Statement I is true but Statement II is false.


90 दी गई अभिक्रिया के लिए:





'P' है:

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

91 लैन्थेनॉयड आयनों का वह युगल जो प्रतिचुंबकीय हैं, है:

(1) $Pm^{3+}$ और $Sm^{3+}$ (2) $Ce^{4+}$ और $Yb^{2+}$
(3) $Ce^{3+}$ और $Eu^{2+}$ (4) $Gd^{3+}$ और $Eu^{3+}$

92 निम्नलिखित अभिक्रियाओं में बने उत्पाद, A और B क्रमशः हैं:

$3ROH + PCl_3 \rightarrow 3RCl + A$
$ROH + PCl_5 \rightarrow RCl + HCl + B$

(1) $H_3PO_3$ एवं $POCl_3$
(2) $POCl_3$ एवं $H_3PO_3$
(3) $POCl_3$ एवं $H_3PO_4$
(4) $H_3PO_4$ एवं $POCl_3$

93 नीचे कुछ धनायन दिए गए हैं। अकार्बनिक गुणात्मक विश्लेषण के उपयोग द्वारा, उन्हें बढ़ती समूह संख्या 0 से VI तक में व्यवस्थित कीजिए:

A. $Al^{3+}$ B. $Cu^{2+}$
C. $Ba^{2+}$ D. $Co^{2+}$
E. $Mg^{2+}$

नीचे दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनिए:

(1) E, A, B, C, D (2) B, A, D, C, E
(3) B, C, A, D, E (4) E, C, D, B, A

94 नीचे दो कथन दिए गए है:

**कथन I :** $\left[Co(NH_3)_6\right]^{3+}$ एक होमोलेप्टिक संकुल है जबकि $\left[Co(NH_3)_4Cl_2\right]^{+}$ एक हेटेरोलेप्टिक संकुल है।

**कथन II :** संकुल $\left[Co(NH_3)_6\right]^{3+}$ में केवल एक प्रकार के लिगन्ड हैं जबकि $\left[Co(NH_3)_4Cl_2\right]^{+}$ में एक से अधिक प्रकार के लिगन्ड हैं।

उपर दिए गए कथनों के आधार पर, नीचे दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनिए:

(1) कथन I गलत है परंतु कथन II सत्य है।
(2) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।
(3) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।
(4) कथन I सही है परंतु कथन II गलत है।

**95** A compound X contains 32% of A, 20% of B and remaining percentage of C. Then, the empirical formula of X is :
(Given atomic masses of A = 64; B = 40; C = 32 u)
(1) $ABC_4$ (2) $A_2BC_2$
(3) $ABC_3$ (4) $AB_2C_2$

**96** The plot of osmotic pressure ($\Pi$) vs concentration (mol $L^{-1}$) for a solution gives a straight line with slope 25.73 L bar mol$^{-1}$. The temperature at which the osmotic pressure measurement is done is:
(Use R = 0.083 L bar mol$^{-1}$ $K^{-1}$)
(1) 12.05°C (2) 37°C
(3) 310°C (4) 25.73°C

**97** Identify the major product C formed in the following reaction sequence :

$$CH_3-CH_2-CH_2-I \xrightarrow{NaCN} A \xrightarrow[\text{Partial hydrolysis}]{OH^-} B \xrightarrow[Br_2]{NaOH} \underset{(\text{major})}{C}$$

(1) $\alpha$ – bromobutanoic acid
(2) propylamine
(3) butylamine
(4) butanamide

**98** During the preparation of Mohr's salt solution (Ferrous ammonium sulphate), which of the following acid is added to prevent hydrolysis of $Fe^{2+}$ ion?
(1) dilute sulphuric acid
(2) dilute hydrochloric acid
(3) concentrated sulphuric acid
(4) dilute nitric acid

**99** The rate of a reaction quadruples when temperature changes from 27°C to 57°C. Calculate the energy of activation.
Given R = 8.314 J $K^{-1}$ mol$^{-1}$, log 4 = 0.6021
(1) 3804 kJ/mol (2) 38.04 kJ/mol
(3) 380.4 kJ/mol (4) 3.80 kJ/mol

**100** Mass in grams of copper deposited by passing 9.6487 A current through a voltmeter containing copper sulphate solution for 100 seconds is:
(Given : Molar mass of Cu : 63 g mol$^{-1}$,
1F = 96487 C)
(1) 0.0315 g (2) 3.15 g
(3) 0.315 g (4) 31.5 g

**95** एक यौगिक X में A के 32%, B के 20% और शेष प्रतिशत C के हैं। तब X का मूलानुपाती सूत्र है:
(दिया गया है: आण्विक द्रव्यमान A = 64; B = 40; C = 32 u)
(1) $ABC_4$ (2) $A_2BC_2$
(3) $ABC_3$ (4) $AB_2C_2$

**96** किसी विलयन के लिए परासरण दाब ($\Pi$) और सांद्रता (मोल लीटर$^{-1}$ में) के बीच आलेख एक ऋजु रेखा देता है जिसकी ढ़ाल 25.73 L bar mol$^{-1}$ है। वह ताप जिस पर परासरण दाब मापा गया है, हैं:
(R = 0.083 L bar mol$^{-1}$ $K^{-1}$ लीजिए)
(1) 12.05°C (2) 37°C
(3) 310°C (4) 25.73°C

**97** निम्नलिखित अभिक्रिया क्रम में बना मुख्य उत्पाद C है:

$$CH_3-CH_2-CH_2-I \xrightarrow{NaCN} A \xrightarrow[\text{आंशिक जलापघटन}]{OH^-} B \xrightarrow[Br_2]{NaOH} \underset{(\text{मुख्य})}{C}$$

(1) $\alpha$ – ब्रोमोब्यूटेनोइक अम्ल
(2) प्रोपिलऐमीन
(3) ब्यूटिलऐमीन
(4) ब्यूटेनैमाइड

**98** मोर लवण विलयन (फेरस अमोनियम सल्फेट) के विरचन के दौरान, निम्नलिखित में से किस अम्ल को $Fe^{2+}$ आयन के जलापघटन को रोकने के लिए मिलाया जाता है ?
(1) तनु सल्फ्यूरिक अम्ल
(2) तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(3) सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल
(4) तनु नाइट्रिक अम्ल

**99** जब ताप को 27°C से 57°C परिवर्तित किया जाता है तब किसी अभिक्रिया का वेग चार गुना हो जाता है। सक्रियण ऊर्जा परिकलित कीजिए।
दिया गया है: R = 8.314 J $K^{-1}$ mol$^{-1}$, log 4 = 0.6021
(1) 3804 kJ/mol (2) 38.04 kJ/mol
(3) 380.4 kJ/mol (4) 3.80 kJ/mol

**100** कॉपर सल्फेट विलयन वाले किसी वोल्टमीटर से 100 सेकंड के लिए 9.6487 A विद्युत–धारा प्रवाहित करने पर निक्षेपित कॉपर का ग्राम में द्रव्यमान है:
(दिया गया है : Cu का मोलर द्रव्यमान :
63 g mol$^{-1}$, 1F = 96487 C)
(1) 0.0315 g (2) 3.15 g
(3) 0.315 g (4) 31.5 g

**Botany : Section-A (Q. No. 101 to 135)**

**101** The cofactor of the enzyme carboxypeptidase is:
(1) Haem (2) Zinc
(3) Niacin (4) Flavin

**102** Given below are two statements:
**Statement I :** Parenchyma is living but collenchyma is dead tissue.
**Statement II :** Gymnosperms lack xylem vessels but presence of xylem vessels is the characteristic of angiosperms.
In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
(1) Statement I is false but Statement II is true
(2) Both Statement I and Statement II are true
(3) Both Statement I and Statement II are false
(4) Statement I is true but Statement II is false

**103** Spindle fibers attach to kinetochores of chromosomes during
(1) Telophase (2) Prophase
(3) Metaphase (4) Anaphase

**104** In a plant, black seed color (BB/Bb) is dominant over white seed color (bb). In order to find out the genotype of the black seed plant, with which of the following genotype will you cross it?
(1) BB/Bb (2) BB
(3) bb (4) Bb

**105** The equation of Verhulst-Pearl logistic growth is $\frac{dN}{dt} = rN\left[\frac{K-N}{K}\right]$.
From this equation, $K$ indicates:
(1) Population density
(2) Intrinsic rate of natural increase
(3) Biotic potential
(4) Carrying capacity

**106** How many molecules of ATP and NADPH are required for every molecule of $CO_2$ fixed in the Calvin cycle?
(1) 3 molecules of ATP and 2 molecules of NADPH
(2) 2 molecules of ATP and 3 molecules of NADPH
(3) 2 molecules of ATP and 2 molecules of NADPH
(4) 3 molecules of ATP and 3 molecules of NADPH

**101** एन्जाइम कार्बोक्सिपेप्टिडेस का सहकारक (कोफैक्टर) है:
(1) हीम (2) जिंक
(3) निआसिन (4) फ्लेविन

**102** नीचे दो कथन दिए गए हैं:
**कथन I :** मृदूतक सजीव लेकिन श्लेषोतक मृत ऊतक है।
**कथन II :** जिम्नोस्पर्म्स (अनावृतबीजियों) में दारू वाहिकाएं नहीं होती हैं लेकिन दारू वाहिकाओं की उपस्थिति एन्जियोस्पर्म्स (आवृतबीजियों) की विशेषता है।
उपर्युक्त कथनों के आलोक में, दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:
(1) कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है।
(2) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।
(3) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं।
(4) कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है।

**103** ______ के समय स्पिंडल फाइबर्स गुणसूत्र के काइनेटोकोर से जुड़ जाते हैं।
(1) अंत्यावस्था (टेलोफेज़) (2) पूर्वावस्था (प्रोफेज़)
(3) मध्यावस्था (मेटाफेज़) (4) पश्चावस्था (एनाफेज़)

**104** एक पादप में, बीज का काला रंग (BB/Bb) सफेद रंग (bb) पर प्रभावी हैं। काले बीज वाले पादप का जीनप्ररुप ज्ञात करने के लिए, आप उसका संकरण निम्नलिखित में से किस जीनप्ररुप के पादप के साथ कराएंगे ?
(1) BB/Bb (2) BB
(3) bb (4) Bb

**105** वेरहल्स्ट पर्ल वृद्धिघात वृद्धि (लॉजिस्टिक ग्रोथ) का समीकरण है $\frac{dN}{dt} = rN\left[\frac{K-N}{K}\right]$.
इस समीकरण में $K$ चिह्नित करता है:
(1) जनसंख्या घनत्व
(2) प्राकृतिक वृद्धि की नैज दर
(3) जैविक क्षमता
(4) धारण क्षमता

**106** केल्विन चक्र में यौगिकीकृत होने वाले $CO_2$ के प्रत्येक अणु के लिए ATP और NADPH के कितने अणुओं की आवश्यकता होती है ?
(1) ATP के तीन अणु और NADPH के 2 अणु
(2) ATP के दो अणु और NADPH के 3 अणु
(3) ATP के दो अणु और NADPH के 2 अणु
(4) ATP के तीन अणु और NADPH के 3 अणु

**107** Match List I with List II

| | **List I** | | **List II** |
|---|---|---|---|
| A. | *Clostridium butylicum* | I. | Ethanol |
| B. | *Saccharomyces cerevisiae* | II. | Streptokinase |
| C. | *Trichoderma polysporum* | III. | Butyric acid |
| D. | *Streptococcus* sp. | IV. | Cyclosporin-A |

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A-IV, B-I, C-III, D-II
(2) A-III, B-I, C-II, D-IV
(3) A-II, B-IV, C-III, D-I
(4) A-III, B-I, C-IV, D-II

**108** These are regarded as major causes of biodiversity loss:

A. Over exploitation
B. Co-extinction
C. Mutation
D. Habitat loss and fragmentation
E. Migration

Choose the correct option:

(1) A, B and D only
(2) A, C and D only
(3) A, B, C and D only
(4) A, B and E only

**109** Given below are two statements:

**Statement I :** Chromosomes become gradually visible under light microscope during leptotene stage.

**Statement II :** The begining of diplotene stage is recognized by dissolution of synaptonemal complex.

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:

(1) Statement I is false but Statement II is true
(2) Both Statement I and Statement II are true
(3) Both Statement I and Statement II are false
(4) Statement I is true but Statement II is false

**110** Auxin is used by gardeners to prepare weed-free lawns. But no damage is caused to grass as auxin

(1) can help in cell division in grasses, to produce growth.
(2) promotes apical dominance.
(3) promotes abscission of mature leaves only.
(4) does not affect mature monocotyledonous plants.

**111** A pink flowered Snapdragon plant was crossed with a red flowered Snapdragon plant. What type of phenotype/s is/are expected in the progeny?

(1) Red, Pink as well as white flowered plants
(2) Only red flowered plants
(3) Red flowered as well as pink flowered plants
(4) Only pink flowered plants

**107** सूची I का सूची II से मिलान कीजिए:

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | *क्लोस्ट्रीडियम ब्यूटाइलिकम* | I. | एथेनॉल |
| B. | *सैकेरोमाइसीज सेरेविसी* | II. | स्ट्रेप्टोकाइनेस |
| C. | *ट्राइकोडर्मा पोलीस्पोरम* | III. | ब्यूटाइरिक अम्ल |
| D. | *स्ट्रेप्टोकॉकस स्पी.* | IV. | साइक्लोस्पोरिन-A |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:

(1) A-IV, B-I, C-III, D-II
(2) A-III, B-I, C-II, D-IV
(3) A-II, B-IV, C-III, D-I
(4) A-III, B-I, C-IV, D-II

**108** इनको जैवविविधता की हानि के मुख्य कारण माना जाता है:

A. अतिदोहन
B. सह–विलुप्ति
C. उत्परिवर्तन
D. पर्यावास हानि और खंडीभवन
E. प्रवासन

सही विकल्प को चुनिए:

(1) केवल A, B और D
(2) केवल A, C और D
(3) केवल A, B, C और D
(4) केवल A, B और E

**109** नीचे दो कथन दिए गए हैं:

**कथन I :** लेप्टोटीन चरण/अवस्था के दौरान प्रकाश सूक्ष्मदर्शी से देखने पर गुणसूत्र (क्रोमोसोम) क्रमिक रूप से दिखाई देने लगते हैं।

**कथन II :** डिप्लोटीन चरण/अवस्था के आरंभ की पहचान सिनेप्टोनीमल कॉम्प्लैक्स के वियोजन से होती है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में, दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:

(1) कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है।
(2) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।
(3) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं।
(4) कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है।

**110** खरपतवार–मुक्त बगीचा निर्मित करने के लिए माली ऑक्सिन का उपयोग करते हैं। लेकिन इससे घास की कोई क्षति नहीं होती है क्योंकि ऑक्सिन:

(1) घासों में कोशिका विभाजन में सहायक हो सकता है जिससे वृद्धि हो सके।
(2) शीर्ष प्रभाविता को प्रोत्साहित करता है।
(3) केवल परिपक्व पत्तियों के विलगन को ही प्रोत्साहित करता है।
(4) वयस्क एकबीजपत्री पादपों को प्रभावित नहीं करता है।

**111** एक गुलाबी पुष्पों वाले स्नेपड्रैगन के पौधे का लाल पुष्पों वाले स्नेपड्रैगन के पौधे के साथ संकरण कराया गया। संतति में किस प्रकार के लक्षणप्ररुप के होने की उम्मीद की जाती है ?

(1) लाल, गुलाबी के साथ ही सफेद पुष्प वाले पौधे
(2) केवल लाल पुष्प वाले पौधे
(3) दोनों लाल और गुलाबी पुष्प वाले पौधे
(4) केवल गुलाबी पुष्प वाले पौधे

**112** Which of the following are required for the dark reaction of photosynthesis?

A. Light B. Chlorophyll

C. $CO_2$ D. ATP

E. NADPH


Choose the correct answer from the options given below:

(1) D and E only
(2) A, B and C only
(3) B, C and D only
(4) C, D and E only

**113** The lactose present in the growth medium of bacteria is transported to the cell by the action of:

(1) Polymerase (2) Beta-galactosidase
(3) Acetylase (4) Permease

**114** Identify the type of flowers based on the position of calyx, corolla and androecium with respect to the ovary from the given figures (a) and (b)




(1) (a) Perigynous; (b) Perigynous
(2) (a) Epigynous; (b) Hypogynous
(3) (a) Hypogynous; (b) Epigynous
(4) (a) Perigynous; (b) Epigynous

**115** Match List I with List II

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| A. | *Rhizopus* | I. | Mushroom |
| B. | *Ustilago* | II. | Smut fungus |
| C. | *Puccinia* | III. | Bread mould |
| D. | *Agaricus* | IV. | Rust fungus |

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A-IV, B-III, C-II, D-I
(2) A-III, B-II, C-IV, D-I
(3) A-I, B-III, C-II, D-IV
(4) A-III, B-II, C-I, D-IV

**116** The type of conservation in which the threatened species are taken out from their natural habitat and placed in special setting where they can be protected and given special care is called;

(1) Sustainable development
(2) *in-situ* conservation
(3) Biodiversity conservation
(4) Semi-conservative method

**112** प्रकाशसंश्लेषण की अदीप्त अभिक्रिया के लिए निम्नलिखित में से किनकी आवश्यकता होती है ?

A. प्रकाश B. क्लोरोफिल (पर्णहरित)

C. $CO_2$ D. ATP

E. NADPH


नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:

(1) केवल D और E
(2) केवल A, B और C
(3) केवल B, C और D
(4) केवल C, D और E

**113** जीवाणुओं के वृद्धि माध्यम में उपस्थित लैक्टोस को कोशिका में _______ की क्रिया द्वारा अभिगमित किया जाता है।

(1) पोलीमरेस (2) बीटा–गैलेक्टोसाइडेस
(3) एसिटिलेस (4) परमिएस

**114** दिए गए चित्रों (a) और (b) से अंडाशय के संदर्भ में बाह्यदलपुंज (कैलिक्स), दलपुंज (कोरोला) और पुमंग (एन्ड्रूशियम) की स्थिति के आधार पर पुष्पों के प्रकार को पहचानिए।




(1) (a) परिजायांगी (b) परिजायांगी
(2) (a) जायांगोपरिक (b) जायांगाधर
(3) (a) जायांगाधर (b) जायांगोपरिक
(4) (a) परिजायांगी (b) जायांगोपरिक

**115** सूची I का सूची II से मिलान कीजिए:

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | *राइजोपस* | I. | मशरूम |
| B. | *अस्टीलेगो* | II. | स्मट (कंड) कवक |
| C. | *पक्सीनिया* | III. | डबल रोटी का फफूंद |
| D. | *एगारिकस* | IV. | रस्ट (किट्ट) कवक |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:

(1) A-IV, B-III, C-II, D-I
(2) A-III, B-II, C-IV, D-I
(3) A-I, B-III, C-II, D-IV
(4) A-III, B-II, C-I, D-IV

**116** संरक्षण का वह प्रकार जिसमें विलोपोन्मुखी जाति को उनके प्राकृतिक पर्यावास से बाहर निकालकर विशेष व्यवस्था (सेटिंग) में रखा जाता है जहां वे सुरक्षित रह सकती है और उनकी विशेष देखभाल की जाती है, वह कहलाता है:

(1) सतत विकास/दीर्घोपयोगी विकास
(2) स्वस्थाने संरक्षण
(3) जैवविविधता संरक्षण
(4) अर्ध संरक्षी विधि

**117** Match List I with List II

| | **List I** | | **List II** |
|---|---|---|---|
| A. | Nucleolus | I. | Site of formation of glycolipid |
| B. | Centriole | II. | Organization like the cartwheel |
| C. | Leucoplasts | III. | Site for active ribosomal RNA synthesis |
| D. | Golgi apparatus | IV. | For storing nutrients |

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A-I, B-II, C-III, D-IV
(2) A-III, B-II, C-IV, D-I
(3) A-II, B-III, C-I, D-IV
(4) A-III, B-IV, C-II, D-I

**118** The capacity to generate a whole plant from any cell of the plant is called:

(1) Somatic hybridization
(2) Totipotency
(3) Micropropagation
(4) Differentiation

**119** Formation of interfascicular cambium from fully developed parenchyma cells is an example for

(1) Maturation
(2) Differentiation
(3) Redifferentiation
(4) Dedifferentiation

**120** Which one of the following can be explained on the basis of Mendel's Law of Dominance?

A. Out of one pair of factors one is dominant and the other is recessive.
B. Alleles do not show any expression and both the characters appear as such in $F_2$ generation.
C. Factors occur in pairs in normal diploid plants.
D. The discrete unit controlling a particular character is called factor.
E. The expression of only one of the parental characters is found in a monohybrid cross.

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A, B, C, D and E
(2) A, B and C only
(3) A, C, D and E only
(4) B, C and D only

**117** सूची I का सूची II से मिलान कीजिए:

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | न्यूक्लीओलस (केन्द्रिक) | I. | ग्लाइकोलिपिड के बनने का स्थल |
| B. | सेन्ट्रिओल | II. | गाड़ी के पहिए जैसा संगठन |
| C. | ल्यूकोप्लास्ट | III. | सक्रिय राइबोसोमी आरएनए संश्लेषण का स्थल |
| D. | गॉल्जी उपकरण | IV. | पोषकों के भंडारण के लिए |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए:

(1) A-I, B-II, C-III, D-IV
(2) A-III, B-II, C-IV, D-I
(3) A-II, B-III, C-I, D-IV
(4) A-III, B-IV, C-II, D-I

**118** पादप की किसी भी कोशिका से पूर्ण पादप को विकसित करने की क्षमता कहलाती है:

(1) कायिक संकरण
(2) पूर्णशक्तता (टोटीपोटेन्सी)
(3) सूक्ष्मप्रवर्धन (माइक्रोप्रोपेगेशन)
(4) विभेदन

**119** पूर्णतः विकसित मृदूतकी कोशिकाओं से अंतरापूलीय कैम्बियम का बनना _______ का एक उदाहरण है।

(1) परिपक्वन
(2) विभेदन
(3) पुनर्विभेदन
(4) निर्विभेदन

**120** निम्नलिखित में से किनकी मेन्डल के प्रभाविता के नियम के आधार पर व्याख्या की जा सकती है ?

A. फैक्टर के एक जोड़े में से एक प्रभावी और दूसरा अप्रभावी होता है ?
B. एलील कोई अभिव्यक्ति प्रदर्शित नहीं करते हैं और $F_2$ पीढ़ी में दोनों गुण उसी रुप में प्रकट हो जाते हैं।
C. सामान्य द्विगुणित पादपों में फैक्टर जोड़ों में पाए जाते हैं।
D. किसी गुण विशेष को नियंत्रित करने वाली विविक्त इकाई फैक्टर कहलाती है।
E. एकलसंकर संकरण में केवल एक जनक के गुण की अभिव्यक्ति होती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए:

(1) A, B, C, D और E
(2) केवल A, B और C
(3) केवल A, C, D और E
(4) केवल B, C और D


121 What is the fate of a piece of DNA carrying only gene of interest which is transferred into an alien organism?

A. The piece of DNA would be able to multiply itself independently in the progeny cells of the organism.
B. It may get integrated into the genome of the recipient.
C. It may multiply and be inherited along with the host DNA.
D. The alien piece of DNA is not an integral part of chromosome.
E. It shows ability to replicate.

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A and E only (2) A and B only
(3) D and E only (4) B and C only

122 Identify the part of the seed from the given figure which is destined to form root when the seed germinates.




(1) D (2) A
(3) B (4) C

123 Match List I with List II

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| A. | Two or more alternative forms of a gene | I. | Back cross |
| B. | Cross of $F_1$ progeny with homozygous recessive parent | II. | Ploidy |
| C. | Cross of $F_1$ progeny with any of the parents | III. | Allele |
| D. | Number of chromosome sets in plant | IV. | Test cross |

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A-IV, B-III, C-II, D-I
(2) A-I, B-II, C-III, D-IV
(3) A-II, B-I, C-III, D-IV
(4) A-III, B-IV, C-I, D-II


121 उस डीएनए खंड की क्या नियति होगी जो सिर्फ एक ऐसे वांछित जीन को धारण किए हो, जिसे किसी विजातीय जीव में स्थानांतरित किया जाना है ?

A. DNA का खंड जीव की संतति कोशिकाओं में स्वतंत्र रूप से गुणन करने में सक्षम होगा।
B. यह ग्राही के जीनोम में समेकित हो सकता है।
C. ये गुणन करके परपोषी (होस्ट) डीएनए के साथ वंशागति कर सकता है।
D. DNA का विजातीय खंड गुणसूत्र का अभिन्न भाग नहीं होता है।
E. ये प्रतिकृति करने की क्षमता प्रदर्शित करता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए:

(1) केवल A और E (2) केवल A और B
(3) केवल D और E (4) केवल B और C

122 दिए गए चित्र में बीज के उस भाग की पहचान कीजिए जो बीज के अंकुरित होने पर जड़ को बनाता है:




(1) D (2) A
(3) B (4) C

123 सूची I का सूची II से मिलान कीजिए:

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | एक जीन के दो या अधिक वैकल्पिक संरूप | I. | प्रतीप संकरण (बैक क्रॉस) |
| B. | $F_1$ संतति का समयुग्मजी अप्रभावी जनक के साथ संकरण | II. | सूत्रगुणता (प्लोइडी) |
| C. | $F_1$ संतति का किसी भी जनक के साथ संकरण | III. | एलील |
| D. | पादप में गुणसूत्र सेटों की संख्या | IV. | परीक्षणार्थ संकरण (टेस्ट क्रॉस) |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए:

(1) A-IV, B-III, C-II, D-I
(2) A-I, B-II, C-III, D-IV
(3) A-II, B-I, C-III, D-IV
(4) A-III, B-IV, C-I, D-II

124 Identify the set of correct statements:

A. The flowers of *Vallisneria* are colourful and produce nectar.

B. The flowers of waterlily are not pollinated by water.

C. In most of water-pollinated species, the pollen grains are protected from wetting.

D. Pollen grains of some hydrophytes are long and ribbon like.

E. In some hydrophytes, the pollen grains are carried passively inside water.

Choose the correct answer from the options given below:

(1) B, C, D and E only
(2) C, D and E only
(3) A, B, C and D only
(4) A, C, D and E only

125 Inhibition of Succinic dehydrogenase enzyme by malonate is a classical example of:

(1) Enzyme activation
(2) Cofactor inhibition
(3) Feedback inhibition
(4) Competitive inhibition

126 List of endangered species was released by-

(1) IUCN (2) GEAC
(3) WWF (4) FOAM

127 Given below are two statements:

**Statement I :** Bt toxins are insect group specific and coded by a gene *cry* IAc.

**Statement II :** Bt toxin exists as inactive protoxin in *B. thuringiensis*. However, after ingestion by the insect the inactive protoxin gets converted into active form due to acidic pH of the insect gut.

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:

(1) Statement I is false but Statement II is true
(2) Both Statement I and Statement II are true
(3) Both Statement I and Statement II are false
(4) Statement I is true but Statement II is false

128 Lecithin, a small molecular weight organic compound found in living tissues, is an example of:

(1) Carbohydrates (2) Amino acids
(3) Phospholipids (4) Glycerides

129 Which of the following is an example of actinomorphic flower?

(1) *Sesbania* (2) *Datura*
(3) *Cassia* (4) *Pisum*

124 सही कथनों के सेट को पहचानिए:

A. *वैलिसनेरिया* के पुष्प रंगीन होते हैं और मकरंद निर्मित करते हैं।

B. वाटरलिली (जलकुमुदनी) के पुष्प जल द्वारा परागित नहीं होते हैं।

C. अधिकांश जल–परागित स्पीशीज़ में, परागकण गीले होने से संरक्षित (बचे) रहते हैं।

D. कुछ जलोद्भिदों (हाइड्रोफाइट्स) के परागकण लंबे और फीते (रिबन) जैसे होते हैं।

E. कुछ जलोद्भिदों (हाइड्रोफाइट्स) में, परागकणों को जल के अंदर ही निष्क्रिय रूप से ले जाया जाता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए:

(1) केवल B, C, D और E
(2) केवल C, D और E
(3) केवल A, B, C और D
(4) केवल A, C, D और E

125 मेलोनेट द्वारा सक्सीनिक डीहाइड्रोजिनेस एन्जाइम का संदमन _______ का उत्कृष्ट उदाहरण है।

(1) एन्जाइम सक्रियन
(2) कोफैक्टर (सहकारक) संदमन
(3) फीडबैक संदमन
(4) प्रतिस्पर्धी संदमन

126 संकटापन्न (एनडेन्जर्ड) स्पीशीज की सूची ______ के द्वारा निकाली गई थी।

(1) IUCN (2) GEAC
(3) WWF (4) FOAM

127 नीचे दो कथन दिए गए है:

**कथन I :** Bt आविष (टॉक्सिन) कीट समूह विशिष्ट होते हैं और इनको जीन *cry* IAc द्वारा कूटलेखित (कोड) किया जाता है।

**कथन II :** Bt आविष (टॉक्सिन) *बी थूरिन्जिएन्सिस* में निष्क्रिय प्राक्विष (प्रोटोटॉक्सिन) के रूप में पाए जाते हैं। यद्यपि, कीट द्वारा ग्रहण किए जाने के बाद निष्क्रिय प्राक्विष (प्रोटोटॉक्सिन) कीट की आंत में अम्लीय pH होने के कारण सक्रिय रुप में परिवर्तित हो जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए:

(1) कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है।
(2) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।
(3) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं।
(4) कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है।

128 सजीव ऊतकों में पाया जाने वाला एक अल्प अणु भार का कार्बनिक यौगिक लेसीथिन _______ का एक उदाहरण है।

(1) कार्बोहाइड्रेट (2) ऐमीनो अम्ल
(3) फोस्फोलिपिड (4) ग्लिसराइड

129 निम्नलिखित में से कौन सा त्रिज्यासममित (एक्टीनोमोर्फिक) पुष्प का एक उदाहरण है ?

(1) *सेस्बेनिया* (2) *डाटूरा*
(3) *कैसिया* (4) *पाइसम*

**130** Tropical regions show greatest level of species richness because

A. Tropical latitudes have remained relatively undisturbed for millions of years, hence more time was available for species diversification.
B. Tropical environments are more seasonal.
C. More solar energy is available in tropics.
D. Constant environments promote niche specialization.
E. Tropical environments are constant and predictable.

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A, B and D only
(2) A, C, D and E only
(3) A and B only
(4) A, B and E only

**131** Hind II always cuts DNA molecules at a particular point called recognition sequence and it consists of:

(1) 10 bp (2) 8 bp
(3) 6 bp (4) 4 bp

**132** Bulliform cells are responsible for

(1) Providing large spaces for storage of sugars.
(2) Inward curling of leaves in monocots.
(3) Protecting the plant from salt stress.
(4) Increased photosynthesis in monocots.


**133** A transcription unit in DNA is defined primarily by the three regions in DNA and these are with respect to upstream and down stream end:

(1) Promotor, Structural gene, Terminator
(2) Repressor, Operator gene, Structural gene
(3) Structural gene, Transposons, Operator gene
(4) Inducer, Repressor, Structural gene

**134** Which one of the following is <u>not</u> a criterion for classification of fungi?

(1) Fruiting body
(2) Morphology of mycelium
(3) Mode of nutrition
(4) Mode of spore formation

**135** In the given figure, which component has thin outer walls and highly thickened inner walls?




(1) B (2) C
(3) D (4) A

**130** उष्णकटिबंधी क्षेत्र (ट्रोपिक्स) उच्चतम स्तर की जाति बहुलता को प्रदर्शित करते हैं, क्योंकि

A. उष्णकटिबंधीय अक्षांश लाखों वर्षों तक अपेक्षाकृत अविक्षुब्ध रहे हैं, अतः जाति विविधीकरण के लिए अधिक समय उपलब्ध था।
B. उष्णकटिबंधीय पर्यावरण में अधिक मौसम/ऋतुएं होती हैं।
C. उष्णकटिबंधी क्षेत्रों में अधिक सौर ऊर्जा उपलब्ध होती है।
D. स्थिर पर्यावरण निकेत विशिष्टीकरण को बढ़ावा देता है।
E. उष्णकटिबंधीय पर्यावरण स्थिर और पूर्वसूचनीय होते हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए:

(1) केवल A, B और D
(2) केवल A, C, D और E
(3) केवल A और B
(4) केवल A, B और E

**131** Hind II डीएनए अणुओं को सदैव एक नियत बिंदु पर काटता है जिसे अभिज्ञेय अनुक्रम (रिकगनीशन सीक्वेन्स) कहते हैं, और इसमें होते हैं:

(1) 10 bp (2) 8 bp
(3) 6 bp (4) 4 bp

**132** आवर्धत्वक कोशिकाएं (बुलीफॉर्म सेल) उत्तरदायी होती हैं:

(1) शर्कराओं के भंडारण के लिए अधिक स्थान प्रदान करने के लिए।
(2) एकबीजपत्रियों (मोनोकोट्स) में पत्तियों के अंदर की ओर मुड़ने के लिए।
(3) पादप को लवण तनाव से बचाने के लिए।
(4) एकबीजपत्रियों (मोनोकोट्स) में वर्धित प्रकाश संश्लेषण के लिए।


**133** डीएनए (DNA) में अनुलेखन (ट्रांसक्रिप्शन) इकाई को प्राथमिक रूप से डीएनए के तीन क्षेत्रों द्वारा निर्धारित किया जाता है और ये ऊर्ध्वप्रवाही (अपस्ट्रीम) और अधोप्रवाही (डाउन स्ट्रीम) सिरों के संदर्भ में/सापेक्ष हैं:

(1) प्रमोटर, संरचनात्मक जीन, समापक (टर्मिनेटर)
(2) संदमक (रिप्रैसर), प्रचालक (ऑपरेटर) जीन, संरचनात्मक जीन
(3) संरचनात्मक जीन, ट्रांसपोसोन, प्रचालक (ऑपरेटर) जीन
(4) इंड्यूसर (विप्रेरक), संदमक (रिप्रैसर), संरचनात्मक जीन

**134** निम्नलिखित में से कौन सा कवकों के वर्गीकरण का एक मानदंड नहीं है ?

(1) फलन काया
(2) कवकजाल (माइसीलियम) की आकारिकी
(3) पोषण की विधि
(4) बीजाणु निर्माण का तरीका

**135** दिए गए चित्र में, किस संघटक में पतली बाह्य भित्ति और अत्यधिक स्थूलित भीतरी भित्तियां होती हैं ?




(1) B (2) C
(3) D (4) A

**Botany : Section-B (Q. No. 136 to 150)**

**136** Match List I with List II

| **List I (Types of Stamens)** | | **List II (Example)** | |
|---|---|---|---|
| A. | Monoadelphous | I. | Citrus |
| B. | Diadelphous | II. | Pea |
| C. | Polyadelphous | III. | Lily |
| D. | Epiphyllous | IV. | China-rose |

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A-III, B-I, C-IV, D-II
(2) A-IV, B-II, C-I, D-III
(3) A-IV, B-I, C-II, D-III
(4) A-I, B-II, C-IV, D-III

**137** The DNA present in chloroplast is:

(1) Circular, single stranded
(2) Linear, double stranded
(3) Circular, double stranded
(4) Linear, single stranded

**138** Read the following statements and choose the set of correct statements:
In the members of Phaeophyceae,

A. Asexual reproduction occurs usually by biflagellate zoospores.
B. Sexual reproduction is by oogamous method only.
C. Stored food is in the form of carbohydrates which is either mannitol or laminarin.
D. The major pigments found are chlorophyll a, c and carotenoids and xanthophyll.
E. Vegetative cells have a cellulosic wall, usually covered on the outside by gelatinous coating of algin.

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A, B, C and E only
(2) A, B, C and D only
(3) B, C, D and E only
(4) A, C, D and E only

**139** Match List I with List II

| **List I** | | **List II** | |
|---|---|---|---|
| A. | Citric acid cycle | I. | Cytoplasm |
| B. | Glycolysis | II. | Mitochondrial matrix |
| C. | Electron transport system | III. | Intermembrane space of mitochondria |
| D. | Proton gradient | IV. | Inner mitochondrial membrane |

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A-IV, B-III, C-II, D-I
(2) A-I, B-II, C-III, D-IV
(3) A-II, B-I, C-IV, D-III
(4) A-III, B-IV, C-I, D-II

**136** सूची I का सूची II से मिलान कीजिए:

| **सूची I (पुंकेसर के प्रकार)** | | **सूची II (उदाहरण)** | |
|---|---|---|---|
| A. | एकलसंघी (मोनोएडेल्फस) | I. | सिट्रस |
| B. | द्विसंघी (डाइएडेल्फस) | II. | मटर |
| C. | बहुसंघी (पोलीएडेल्फस) | III. | लिली |
| D. | अधिपर्णी/परिदल लग्न | IV. | चाईना रोज/गुड़हल |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:

(1) A-III, B-I, C-IV, D-II
(2) A-IV, B-II, C-I, D-III
(3) A-IV, B-I, C-II, D-III
(4) A-I, B-II, C-IV, D-III

**137** हरितलवक (क्लोरोप्लास्ट) में उपस्थित DNA/डीएनए है:

(1) वृत्तीय, एकलरज्जुक
(2) रैखिक, द्विरज्जुक
(3) वृत्तीय, द्विरज्जुक
(4) रैखिक, एकलरज्जुक

**138** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही कथनों के सेट को चुनिए:
फियोफाइसी के सदस्यों में,

A. अलैंगिक जनन प्रायः द्विकशाभी जूस्पोर (अलैंगिक चल बीजाणुओं) के द्वारा होता है।
B. लैंगिक जनन केवल विषमयुग्मकी (ऊओगैमस) विधि से होता है।
C. संचित खाद्य कार्बोहाइड्रेट के रूप में होता है जो मैनीटोल अथवा लैमीनेरिन है।
D. पाए जाने वाले मुख्य वर्णक पर्णहरित/क्लोरोफिल a, c और कैरोटिनॉइड तथा जैन्थोफिल हैं।
E. कायिक कोशिकाओं में सेलुलोसी भित्ति होती है, जो बाहर की ओर प्रायः एल्जिन के जिलेटिनी आवरण से आवरित होती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:

(1) केवल A, B, C और E
(2) केवल A, B, C और D
(3) केवल B, C, D और E
(4) केवल A, C, D और E

**139** सूची I का सूची II से मिलान कीजिए:

| **सूची I** | | **सूची II** | |
|---|---|---|---|
| A. | साइट्रिक अम्ल चक्र | I. | कोशिकाद्रव्य |
| B. | ग्लाइकोलिसिस | II. | माइटोकॉन्ड्रिया मैट्रिक्स |
| C. | इलैक्ट्रोन अभिगमन तंत्र/इलैक्ट्रोन ट्रांसपोर्ट सिस्टम | III. | माइटोकॉन्ड्रिया का अन्तराझिल्ली (इन्टरमेम्ब्रेन) अवकाश |
| D. | प्रोटोन प्रवणता | IV. | भीतरी माइटोकॉन्ड्रिया झिल्ली |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:

(1) A-IV, B-III, C-II, D-I
(2) A-I, B-II, C-III, D-IV
(3) A-II, B-I, C-IV, D-III
(4) A-III, B-IV, C-I, D-II

**140** Given below are two statements:

**Statement I :** In $C_3$ plants, some $O_2$ binds to RuBisCO, hence $CO_2$ fixation is decreased.

**Statement II :** In $C_4$ plants, mesophyll cells show very little photorespiration while bundle sheath cells do not show photorespiration.

In the light of the above statements, choose the *correct* answer from the options given below:

(1) Statement I is false but Statement II is true
(2) Both Statement I and Statement II are true
(3) Both Statement I and Statement II are false
(4) Statement I is true but Statement II is false

**141** Which of the following statement is correct regarding the process of replication in *E.coli*?

(1) The DNA dependent DNA polymerase catalyses polymerization in 5' $\rightarrow$ 3' direction.
(2) The DNA dependent DNA polymerase catalyses polymerization in one direction that is 3' $\rightarrow$ 5'.
(3) The DNA dependent RNA polymerase catalyses polymerization in one direction, that is 5' $\rightarrow$ 3'.
(4) The DNA dependent DNA polymerase catalyses polymerization in 5' $\rightarrow$ 3' as well as 3' $\rightarrow$ 5' direction.

**142** Match List I with List II

| | **List I** | | **List II** |
|---|---|---|---|
| A. | Robert May | I. | Species-Area relationship |
| B. | Alexander von Humboldt | II. | Long term ecosystem experiment using out door plots |
| C. | Paul Ehrlich | III. | Global species diversity at about 7 million |
| D. | David Tilman | IV. | Rivet popper hypothesis |

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A-III, B-IV, C-II, D-I
(2) A-II, B-III, C-I, D-IV
(3) A-III, B-I, C-IV, D-II
(4) A-I, B-III, C-II, D-IV

**140** नीचे दो कथन दिए गए है:

**कथन I :** $C_3$ पादपों में, कुछ $O_2$ रूबिस्को (RuBisCO) से बद्ध हो जाती है, अतः $CO_2$ यौगिकीकरण कम हो जाता है।

**कथन II :** $C_4$ पादपों में, पर्णमध्योतक कोशिकाएं बहुत कम प्रकाशश्वसन प्रदर्शित करती हैं जबकि पूलाच्छद कोशिकाएं प्रकाशश्वसन प्रदर्शित नहीं करती हैं।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में, दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:

(1) कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है।
(2) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।
(3) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं।
(4) कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है।

**141** *ई.कोलाई* में प्रतिकृतियन (रेप्लीकेशन) की प्रक्रिया के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(1) डीएनए निर्भर डीएनए पोलीमरेस 5' $\rightarrow$ 3' दिशा में बहुलकीकरण को उत्प्रेरित करता है।
(2) डीएनए (DNA) निर्भर डीएनए पोलीमरेस एक दिशा में यानी 3' $\rightarrow$ 5' में बहुलकीकरण को उत्प्रेरित करता है।
(3) डीएनए निर्भर आरएनए (RNA) पोलीमरेस एक दिशा में यानी 5' $\rightarrow$ 3' में बहुलकीकरण को उत्प्रेरित करता है।
(4) डीएनए निर्भर डीएनए पोलीमरेस 5' $\rightarrow$ 3' के साथ–साथ 3' $\rightarrow$ 5' दिशा में भी बहुलकीकरण को उत्प्रेरित करता है।

**142** सूची I का सूची II से मिलान कीजिए:

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | रॉबर्ट मे | I. | जाति–क्षेत्रफल संबन्ध |
| B. | एलिक्लैन्डर वॉन हम्बोल्ट | II. | आउटडोर प्लॉट के उपयोग द्वारा दीर्घावधि पारिस्थितिक तंत्र परीक्षण |
| C. | पॉल एर्लिक | III. | वैश्विक जाति विविधता लगभग 70 लाख (7 मिलियन) है |
| D. | डेविड टिल्मान | IV. | रिवेट–पॉपर परिकल्पना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:

(1) A-III, B-IV, C-II, D-I
(2) A-II, B-III, C-I, D-IV
(3) A-III, B-I, C-IV, D-II
(4) A-I, B-III, C-II, D-IV

**143** Match List I with List II

| | **List I** | | **List II** |
|---|---|---|---|
| A. | Frederick Griffith | I. | Genetic code |
| B. | Francois Jacob & Jacque Monod | II. | Semi-conservative mode of DNA replication |
| C. | Har Gobind Khorana | III. | Transformation |
| D. | Meselson & Stahl | IV. | *Lac* operon |

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A-IV, B-I, C-II, D-III
(2) A-III, B-II, C-I, D-IV
(3) A-III, B-IV, C-I, D-II
(4) A-II, B-III, C-IV, D-I

**144** In an ecosystem if the Net Primary Productivity (NPP) of first trophic level is $100x\,(kcal\ m^{-2})\ yr^{-1}$, what would be the GPP (Gross Primary Productivity) of the third trophic level of the same ecosystem?

(1) $\frac{100x}{3x}(kcal\ m^{-2})\ yr^{-1}$

(2) $\frac{x}{10}(kcal\ m^{-2})\ yr^{-1}$

(3) $x\,(kcal\ m^{-2})\ yr^{-1}$

(4) $10x\,(kcal\ m^{-2})\ yr^{-1}$

**145** Match List I with List II

| | **List I** | | **List II** |
|---|---|---|---|
| A. | Rose | I. | Twisted aestivation |
| B. | Pea | II. | Perigynous flower |
| C. | Cotton | III. | Drupe |
| D. | Mango | IV. | Marginal placentation |

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A-II, B-III, C-IV, D-I
(2) A-II, B-IV, C-I, D-III
(3) A-I, B-II, C-III, D-IV
(4) A-IV, B-III, C-II, D-I

**143** सूची I का सूची II से मिलान कीजिए:

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | फ्रेडरिक ग्रिफिथ | I. | आनुवंशिक कूट (जेनेटिक कोड) |
| B. | फ्रेंकोइस जैकब एवं जैक मोनोड | II. | डीएनए प्रतिकृतियन की अर्ध–संरक्षी पद्धति |
| C. | हर गोबिंद खोराना | III. | रूपांतरण |
| D. | मसेलसन एवं स्टेल | IV. | लैक–ओपेरोन |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:

(1) A-IV, B-I, C-II, D-III
(2) A-III, B-II, C-I, D-IV
(3) A-III, B-IV, C-I, D-II
(4) A-II, B-III, C-IV, D-I

**144** किसी पारिस्थितिक तंत्र (ईकोसिस्टम) में यदि पृथम पोषी स्तर का नेट प्राथमिक उत्पादन (NPP) $100x\,(kcal\ m^{-2})$ प्रतिवर्ष है। तब उसी पारिस्थितिक तंत्र के तृतीय पोषी स्तर का GPP (सकल प्राथमिक उत्पादन) क्या होगा ?

(1) $\frac{100x}{3x}(kcal\ m^{-2})$ प्रतिवर्ष

(2) $\frac{x}{10}(kcal\ m^{-2})$ प्रतिवर्ष

(3) $x\,(kcal\ m^{-2})$ प्रतिवर्ष

(4) $10x\,(kcal\ m^{-2})$ प्रतिवर्ष


**145** सूची I का सूची II से मिलान कीजिए:

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | गुलाब | I. | व्यावर्तित पुष्पदल विन्यास |
| B. | मटर | II. | परिजायांगी पुष्प |
| C. | कपास | III. | अष्ठिल फल/ड्रूप |
| D. | आम | IV. | सीमांत बीजांडन्यास |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:

(1) A-II, B-III, C-IV, D-I
(2) A-II, B-IV, C-I, D-III
(3) A-I, B-II, C-III, D-IV
(4) A-IV, B-III, C-II, D-I

146 Identify the correct description about the given figure:



(1) Compact inflorescence showing complete autogamy.
(2) Wind pollinated plant inflorescence showing flowers with well exposed stamens.
(3) Water pollinated flowers showing stamens with mucilaginous covering.
(4) Cleistogamous flowers showing autogamy.

147 Identify the step in tricarboxylic acid cycle, which does not involve oxidation of substrate.
(1) Isocitrate $\rightarrow$ $\alpha$-ketoglutaric acid
(2) Malic acid $\rightarrow$ Oxaloacetic acid
(3) Succinic acid $\rightarrow$ Malic acid
(4) Succinyl-CoA $\rightarrow$ Succinic acid

148 Spraying sugarcane crop with which of the following plant growth regulators, increases the length of stem, thus, increasing the yield?
(1) Abscisic acid (2) Auxin
(3) Gibberellin (4) Cytokinin


149 Match List I with List II

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| A. | GLUT-4 | I. | Hormone |
| B. | Insulin | II. | Enzyme |
| C. | Trypsin | III. | Intercellular ground substance |
| D. | Collagen | IV. | Enables glucose transport into cells |

Choose the correct answer from the options given below:
(1) A-III, B-IV, C-I, D-II
(2) A-IV, B-I, C-II, D-III
(3) A-I, B-II, C-III, D-IV
(4) A-II, B-III, C-IV, D-I

150 Which of the following are fused in somatic hybridization involving two varieties of plants?
(1) Pollens
(2) Callus
(3) Somatic embryos
(4) Protoplasts

146 दिए गए चित्र के सही विवरण को पहचानिए:



(1) पूर्ण स्वकयुग्मन (ऑटोगेमी) को दर्शाते हुए संहत (कॉम्पेक्ट) पुष्पक्रम
(2) सुउद्भासित पुंकेसरों को दर्शाते हुए वायु परागित पादप का पुष्पक्रम
(3) श्लेष्मीय आवरण युक्त पुंकेसरों को दर्शाते हुए जल परागित पुष्प
(4) स्वकयुग्मन (ऑटोगेमी) को दर्शाते हुए अनुन्मील्य (क्लीस्टोगेमस) पुष्प

147 ट्राइकार्बोक्सिलिक अम्ल चक्र के उस चरण की पहचान कीजिए, जिसमें क्रियाधार/सबस्ट्रेट का ऑक्सीकरण नहीं होता है:
(1) आइसोसाइट्रेट $\rightarrow$ $\alpha$-कीटोग्लूटारिक अम्ल
(2) मैलिक अम्ल $\rightarrow$ ऑक्सैलोएसीटिक अम्ल
(3) सक्सीनिक अम्ल $\rightarrow$ मैलिक अम्ल
(4) सक्सीनाइल-CoA $\rightarrow$ सक्सीनिक अम्ल

148 गन्ने की फसल में निम्नलिखित पादप वृद्धि नियंत्रकों में से किसका छिड़काव करने से तने की लंबाई बढ़ जाती है, जिसके फलस्वरूप उपज में वृद्धि होती है ?
(1) एब्सीसिक अम्ल (2) ऑक्सिन
(3) जिबरैलिन (4) साइटोकाइनिन

149 सूची I का सूची II से मिलान कीजिए:

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | GLUT-4 | I. | हार्मोन |
| B. | इन्सुलिन | II. | एन्जाइम |
| C. | ट्रिप्सिन | III. | अन्तराकोशिकीय आधारी पदार्थ |
| D. | कोलैजन | IV. | कोशिकाओं में ग्लूकोस के अभिगमन को संभव बनाता है |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर को चुनिए:
(1) A-III, B-IV, C-I, D-II
(2) A-IV, B-I, C-II, D-III
(3) A-I, B-II, C-III, D-IV
(4) A-II, B-III, C-IV, D-I

150 पादपों की दो किस्मों को सम्मिलित करने पर कायिक संकरण में निम्नलिखित में से किनका युग्मन होता है ?
(1) परागकण
(2) कैलस
